## पत्रकारों को जवाब नहीं दे पाए राज्यमंत्री



### प्रधानमंत्री के कार्यकाल की गिनाई उपलब्धियां

**नरसिंहपुर, देशबन्धु ।** प्रदेश सरकार के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में पत्रकारों के सवालों के जबाव देने से बचते रहे और गोल-मोल जबाव देने का प्रयास किया। साथ ही वे पत्रकारों के अधिकांश सवालों से भागते रहे साथ ही उत्तेजित हो गए। जबकि पत्रकार उनसे उनके विषय से संबंधित प्रश्न की कर रहे थे इसके बाद भी वे सवालों के जबाव देने से घबराने लगे।

बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 11 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित पत्रकारवार्ता में राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने केन्द्र सरकार की अनेक उपलब्धियों को बताया और कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान को मुंहतोड़ जबाव दिया गया।

साथ ही उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, संबल योजना रोजगार की दिशा में किए गए प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि देश आज आर्थिक रूप से मजबूत है। साथ ही नई कर व्यवस्था के तहत 12.75 लाख तक की आय पर टेक्स छूट है। प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर दिया जा रहा है। मोदी सरकार में 99 प्रतिशत गांव सड़क कनेक्टिविटी से जुड़ चुके हैं। अन्य योजनाओं के बारे में बताया। वहीं दूसरी और पत्रकारों ने जब प्रतिवर्ष 2 करोड़ लोगों को नौकरी, रोजगार देने, किसानों की आय दुगनी करने, डालर के मुकाबले गिरती रूपए की कीमत, महंगाई, मूंग खरीदी और अन्य मुद्दों के साथ भ्रष्टाचार के सवाल किए तो मंत्री जी जबाव देने की जगह गोल-मोल बात करने लगे।

वहीं जब उनसे प्रश्न किया गया कि नरसिंहपुर जिले में 2300 मेट्रिक टन डीएपी पूरा का पूरा निजी क्षेत्र को दे दिया गया जबकि 70 प्रतिशत सहकारी संस्थाओं को मिलना था। वहीं एक अन्य प्रश्न ग्वालियर से संबंधित रेस्टारेंट में हुए विवाद की बात की गई तो मंत्री जी आपा खो गए। इन प्रश्नों के जबावों की जगह वे योजनाओं के बारे में बताने लगे।

उक्त मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, पूर्व राज्यसभा सदस्य कैलाश सोनी, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल, पूर्व नपा अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, भाजपा नेता राजकुमार जैन, विनीत नेमा, अभिनव शर्मा, अंशुल नेमा के अलावा अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पूर्व विधायक का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी, मिल रहा समर्थन



**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय मंडी गेट के सामने पूर्व विधायक सुनीता पटैल का दूसरे दिन भी धरना जारी रहा। सुनीता पटेल द्वारा मूंग की उपज को सरकार से समर्थन मूल्य पर खरीदने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है।

दूसरे दिन भी धरने में पहुंचकर किसानों और कांग्रेस नेताओं ने समर्थन दिया। सुनीता पटैल ने कहा कि मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी को लेकर सरकार की निष्क्रियता के खिलाफ किसान आक्रोशित है। किसान अपने खून-पसीने से फसल उगाते हैं और जब तक समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी शुरू नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। सरकार लगातार किसानों की अनदेखी कर रही है और उन्हें अपनी उपज औने-पौने दामों में बेचने पर मजबूर किया जा रहा है। जब तक समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी शुरू नहीं होती, तब तक चुप नहीं बैठेंगे और अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।

## सार-समाचार

### मुख्यमंत्री जनकल्याण-संबल योजना की अनुग्रह राशि का वितरण कल

**नरसिंहपुर, देशबन्धु ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री जनकल्याण- संबल योजना की अनुग्रह सहायता राशि के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण का कार्यक्रम 13 जून को बरगी जबलपुर में प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि वितरित करेंगे। उक्त कार्यक्रम का प्रदेश के सभी जिलों में लाइव प्रसारण किया जायेगा। जिले की सभी जनपद पंचायतों व नगरीय निकायों के एनआईसी केन्द्रों में योजना में पंजीकृत श्रमिकों तथा हितग्राही की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जायेगा। इस दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण को देखने व सुनने की व्यवस्था की जायेगी। जिला मुख्यालय के एनआईसी कक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

### 15 से 30 जून तक लगाये जायेंगे शिविर

**नरसिंहपुर, देशबन्धु ।** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य शासन के जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में धरती आबा जनजातीय उत्कृष्ट अभियान- डीएजीयूए और प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान- पीएम जनमन जागरूकत और लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान 15 जून से 30 जून 2025 तक शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी- कर्मचारी को निर्देशित किया है कि वे अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों को निर्धारित शिविर स्थलों में उपस्थित कराकर शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया जाना सुनिश्चित करेंगे। उक्त अधिकारी-कर्मचारी संबंधित शिविर स्थलों में उपस्थित रहकर शासकीय विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभांवित करते हुए सेक्टर अधिकारी, नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारियों को कार्य की प्रगति से अवगत करायेंगे।

### सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद द्वारा प्रांजल शर्मा का सम्मान



**नरसिंहपुर, देशबन्धु ।** विगत दिवस सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद द्वारा 8 वें बालिका प्रतिभा सम्मान के अंतर्गत सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर की प्रतिभावान छात्रा प्रांजल शर्मा को हाई स्कूल बोर्ड 2025 में 81 प्रतिशतअंक अर्जित करने पर शील्ड प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनकी माताजी को भी शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। शाला परिवार द्वारा छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### खाद्यान्न हितग्राहियों को मिलेगी तीन माह की एकमुश्त राशन सामग्री

**पन्ना , देशबन्धु ।** शासन के निर्देशानुसार आगामी मानसून सीजन में संभावित बाढ़ के कारण राशन सामग्री के परिवहन, भंडारण और वितरण में आने वाली समस्याओं के निराकरण तथा पात्र परिवारों को समय सीमा में राशन सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी पात्र परिवारों को माह जून, जुलाई एवं अगस्त की एकमुश्त राशन सामग्री प्रदान की जाएगी। इसके लिए सामग्री के आवंटन, उठाव व वितरण संबंधी निर्देश भी जारी किए गए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया द्वारा समस्त एसडीएम से पात्र परिवारों को खाद्यान्न सामग्री वितरण के लिए उचित मूल्य दुकानवार नोडल अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित कर वितरण सुनिश्चित कराने तथा इसके व्यापक प्रचार प्रसार का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत मासिक आधार पर पात्रता श्रेणी एएवाय एवं पीएचएच को गेहूं एवं चावल की पात्रता 35 किलोग्राम प्रति परिवार एवं 5 किलोग्राम प्रति सदस्य निर्धारित है। इसी तरह एएवाय श्रेणी के पात्र परिवारों को एक किलोग्राम प्रति परिवार शक्कर और एएवाय एवं पीएचएच श्रेणी के पात्र परिवारों को एक किलोग्राम प्रति परिवार नमक का वितरण किया जाता है। अब पीओएस मशीन में तीन माह की राशन सामग्री के माहवार वितरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

## नरसिंह मंदिर पुजारी का मातृ शक्तियों ने किया सम्मान



**नरसिंहपुर, देशबन्धु ।** तीन वर्ष पहले नर्मदाजी के नरसिंह तालाब में आने पर नर्मदा जी की महाआरती मातृशक्तियो द्वारा की गई। लेकिन तालाब में जल आने पर प्रत्येक अमावस्या और पूर्णिमा को मन्दिर में मां नर्मदा की प्रतीकात्मक आरती होने लगी। जो गत तीन वर्षों से निरंतर चल रही है। गर्मी हो या बरसात,होली हो या दिवाली।

मातृशक्तियो ने इस आरती को रुकने नही दिया इसी विश्वास के साथ कि पुन: नर्मदा ही नरसिंह तालाब में आएंगीनर्मदा आरती की मातृशक्तियो द्वारा नरसिंह मन्दिर के पुजारी गुरुदेव बड्डु महाराज का जन्मदिन शॉल श्रीफल के साथ मनाया। नर्मदा आरती में श्रीमतीं नीना बुधौलिया, मंजुलता पांडे, अर्चना नेमा,मनीषा पुरोहित,प्रतीक्षा वर्मा ,अर्चना रेजा,उषा अग्रवाल, नीना अग्रवाल की भूमिका रही।

## पांचवीं-आठवीं की पुन: परीक्षा का मूल्यांकन पूर्ण

**गाडरवारा, देशबन्धु।** बीते बुधवार को स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में कक्षा 5वी एवं 8वी की पुन: परीक्षा का मूल्यांकन कार्य पूर्ण हुआ। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन में हुए इस कार्य में 5वी एवं 8वी वार्षिक पुन: परीक्षा की अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन विषयवार मूल्यांकनकर्ता शिक्षकों ने किया।

मूल्यांकन उपरांत शिक्षकों ने राज्य शिक्षा केंद्र के पोर्टल पर ऑनलाइन अंकों की प्रविष्टि की। विदित है कि पुन: परीक्षा के मूल्यांकन कार्य का बीआरसी डी के पटैल ने निरीक्षण करते हुए मूल्यांकनकर्ताओ से निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए थे।

उक्त मूल्यांकन कार्य केंद्रप्रभारी प्राचार्य भूपेश ठाकुर के मार्गदर्शन, सहायक मूल्यांकन केंद्र प्रभारी सत्यम ताम्रकार एवं सुनील सोनी के सहयोग से पूर्ण किया गया। यह मूल्यांकन कार्य स्ट्रांग रूम प्रभारी गिरीश ताम्रकार सहित विषयवार हेडवैल्युअर अंतर्गत पवन विजोरिया, गोविंद ताम्रकार, कमलेश दूरबार, बुलंद सिंह कुशवाहा, लेखराम गौतम, रामकुमार कौरव, अजय मेहरा, मन्नालाल पटले के सहयोग से पूर्ण हुआ।

यह मूल्यांकन कार्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर के निर्देशन में पूर्ण हुआ।

## मूल भूत सुविधाओं को तरस रहीं गोटेगांव की कालोनियां

**गोटेगांव, देशबन्धु।** गोटेगांव के चारों ओर वैध और अवैध कालोनियों की भरमार होती जा रही है। कालोनाइजर एक बड़ा भूखंड या कुछ एकड़ का खेत किसान से पार्टनरशिप में मिलजुलकर रसूखदार लोग खरीद लेते हैं फिर उसे प्लॉटों की कटिंग करके जनता को बेच देते हैं परंतु खरीददार व्यक्ति को आवश्यकतानुसार भूखंड खरीद तो लेता है और अपने निवास के लिए मकान का निर्माण भी कर लेता है परंतु जो मूलभूत सुविधाएं जैसे सड़क,बिजली,पानी,और अन्य सुविधाएं जो क्रेता को मिलनी चाहिए वो समय पर नहीं मिल पाती।

### एक तो नालियां नहीं हैं, जैसे तैसे हैं भी तो टूटी फूटी, उनकी भी नहीं होती सफाई

फलस्वरूप कालोनाइजर अच्छा खासा मुनाफा कमा रहे हैं अभी भी कुछ कालोनियों में मकान तो लोगों ने बना लिया और निवास भी कर लिया परंतु नालियों की सफाई न होना कालोनी वासियों में जन चर्चा का विषय बना है एक तो नालियां भी नहीं हैं जैसे तैसे हैं भी तो टूटी फूटी। नगर में जबलपुर रोड पर नवीन मंदिर के पीछे वाली कालोनी आज भी मूलभूत सुविधाओं को तरस रही है।

सड़क,बिजली,पानी, नाली के अभाव से कालोनी जूझ रही है प्रतिस्पर्धा के इस दौर में इस कालोनी के पार्टनरों में होड़ सी लगी है जिससे कालोनी के विकास पर असर पड़ रहा है। अच्छा खासा मोटा मुनाफा कमाकर भी कालोनाइजर इस विषय पर चुप क्यों रहते हैं। वैसे भी कुछ कालोनाइजर अपनी कालोनियों की तरफ ध्यान नहीं देते।

## कल्याणपुर के रोहित कुशवाहा बने सहायक प्राध्यापक

**गाडरवारा, देशबन्धु।** सतपुड़ा मेखल श्रेणियों के जंगली क्षेत्र में प्रवाहित शक्कर नदी के किनारे बसे छोटे से गांव कल्याणपुर के एक सामान्य कुशवाहा परिवार में जन्मे रोहित कुशवाहा ने महज 26 वर्ष की उम्र में एमपीएससी परीक्षा में भूगोल विषय से सहायक प्राध्यापक बनकर अपने माता-पिता और क्षेत्र का गौरव बढ़ाने के साथ-साथ गांव में रह रहे विद्यार्थियों में रोशनी की एक नई किरण दीप्तमान कर दी है। रोहित ने यह साबित कर दिया है की प्रतिभाएं केवल शहरों में ही नहीं गांव में भी रहती हैं। एक छोटे से किसान और एनटीपीसी में एक छोटी सी नौकरी में संलग्न पिता कमलेश कुशवाहा एवं माता श्रीमती हीरा कुशवाहा के दो बेटों में से सबसे बड़े बेटे रोहित ने यह उल्लेखनीय इतिहास रचा है। विदित हो कि रोहित ने गांव के ही स्कूल में अध्ययन किया है एवं जबलपुर एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक तथा स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की है।

## मुख्यमंत्री ने दी प्रोत्साहन राशि

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के नगर आगमन पर पीएम श्री शासकीय कन्या नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्राओं के द्वारा गणेश वंदना, नृत्य एवं मां सरस्वती वंदना में प्रस्तुत किया गया। गणेश वंदना में नृत्य करने वाली छात्रा श्री दुबे ने माननीय मुख्यमंत्री जी की पेंटिंग बनाकर भी उन्हें भेंट की जिसकी सराहना माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय शिक्षा मंत्री द्वारा की गई एवं उनके द्वारा बालिका को प्रोत्साहन स्वरूप दस हजार रूपए की राशि पुरस्कार में प्रदान की गई।

## साहित्यकारों को मिला चेतना साहित्य सम्मान



**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिनों साहित्यक संस्था चेतना के तत्वाधान में अखिल भारतीय साहित्य चेतना सम्मान का आयोजन वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एवं डॉ. पीएस बिन्द्रा (वरिष्ठ साहित्यकार भोपाल), डॉ एके गर्ग प्राचार्य एमआईटी कॉलेज नरसिंहपुर, मिनेन्द्र डागा असि. गवर्नर रोटरी के सारस्वत आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में सरस्वती वंदना करेली से पधारे सुनील तन्हा ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. मंजूला शर्मा की कृति ''मंजुला महारण का विमोचन किया गया। मिनेन्द्र डागा ने कहा कि ओशो की पावन धरा और आशुतोष राणा की जन्म भूमि साहित्यक रूप से समृद्ध और विचारशीलता के रूप में अग्रणी रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पीएस बिन्द्रा ने अपने उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद जी का उदाहरण प्रस्ततु करते हुए कहा कि उन्होनें कहा था कि उठो, जागो और तब तक आगे बढ़ते रहो जब तक आपको मंजिल नहीं मिल जाती । डॉ. गर्ग ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में नरसिंहपुर जिले की साहित्य चेतना का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां विचारशील और कार्यशीलता के साथ साहित्य का सृजन किया जाता है यहीं कारण है कि नरसिंहपुर जिले का नाम देश में पहचाना जाता है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुशलेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि समाज संक्रमणकाल के दौर से गुजर रहा है ऐसे समय वैचारिक क्रांति की समाज को आवश्यकता है और यह वैचारिक क्रांति साहित्यकार ही लेकर आ सकते हैं ।

**यह हुए सम्मानित** - इस वर्ष श्रीमती प्रतिभा श्रीवास्तव स्मृति साहित्य सम्मान श्रीमती सुषमा चौहान जोधपुर राजस्थाल, स्व प्रेमनारायण त्रिपाठी स्मृति साहित्य सम्मान श्रीमती आभा स्वामी कोटा राजस्थान, स्व रामसागर स्वामी स्मृति साहित्य सम्मान देवेन्द्र मिश्रा जबलुपर, स्व. जगदीश पाटकर स्मृति साहित्य सम्मान कन्हैया साहू भाटापारा, स्व. रूपराम सोनी स्मृति साहित्य सम्मान अशोक पटसारिया लिधौरा, स्व. श्रीराम साहू स्मृति साहित्य सम्मान डॉ हस्तीमल आर्य जोधपुर, स्व. हुल्कर सिंह कौरव स्मृति साहित्य सम्मान रामनाथ साहू मुरलीडीह, स्व. डॉ भवानी प्रसाद दुबे स्मृति साहित्य सम्मान विजय बागरी जबलपुर, स्व. प्रभुदयाल खरे स्मृति साहित्य सम्मान श्रीमती वंदना सोनी जबलुपर, स्व. रेवाप्रसाद नेमा स्मृति साहित्य सम्मान भाउराव महंत बालाघाट, स्व. रमेश कुमार गुप्ता स्मृति साहित्य सम्मान कुमार चंदन भोपाल को प्रदान किया गया । इसके अतिरिक्त श्रीमती समझा स्थापक को अनुराधा साझा संग्रह का सम्मान भी प्रदान किया गया ।

कार्यक्रम करेली, नरसिंहपुर सहित जिले के विभिन्न अंचालों से पधारे साहित्यकारों भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजेश बरसैंया, अनूप शर्मा, पोषराज मेहरा, ब्रजबिहारी, रामगोपाल मधुकार, तुलसीकांत श्रीवास्तव, मधुसूदन पटैल, निहाल छीपा, सूरज मेहरा, सचिन सोनी, हर्ष नामदेव, चेतना नामदेव, निकेत शर्मा, सुशील शर्मा की उपस्थिति उल्लेखनी रही। कार्यक्रम का संचालन विजय नामदेव ने किया और आभार प्रदर्शन ध्यान सिंह कौरव ने किया।


**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसरंचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन क्रमांक एम.आई.जी.-17 त्रिमूर्ति नगर नरसिंहपुर श्री अरविंद उपाध्याय पिता उमाशंकर उपाध्याय एवं श्री अनिल उपाध्याय पिता श्री उमाशंकर उपाध्याय के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 28.05.2018 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री अनिल उपाध्याय पिता श्री उमाशंकर उपाध्याय ने पंजीकृत हकत्याग दिनांक 03.06.2025 के माध्यम से श्री अरविंद उपाध्याय पिता उमाशंकर उपाध्याय को हकत्याग किया है। अतः श्री अरविंद उपाध्याय पिता उमाशंकर उपाध्याय द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज /आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसरंचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

R.N.758


## सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा आयोजित

**पवई, देशबन्धु।** ग्राम रामपुर में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया। जैसे ही कथा में कृष्ण जन्म का प्रसंग प्रारंभ हुआ, पूरा पांडाल 卐नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की卐 जैसे भजनों से गूंज उठा और श्रद्धालु झूम उठे। जन्मोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी की, मक्खन-मिश्री का भोग अर्पित कर प्रसाद वितरित किया। संगीत मंडली में उमा शंकर पाठक व मनोज गर्ग के द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी गई।

कथा का वाचन कथा व्यास पंडित नारायण प्रसाद तिवारी द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म, बाल लीलाओं और उनके जीवन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब परमात्मा अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं।


**मार्केट वॉच गाडरवारा**

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए